# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

### सोमवार, दिनांक 28 फरवरी, 2011 (फाल्गुन 9, 1932)

### विधान सभा पूर्वाह्न 10.33 बजे समवेत हुई.

### अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.

## 1. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित में से 6 प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये। प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अन्तर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित 117 तारांकित प्रश्नों के उत्तर तथा 106 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे.

प्रश्न संख्या 10 (*क्र.1874) पर कांग्रेस पक्ष के सदस्यगण द्वारा शासन से मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक मर्यादित,भोपाल (अपेक्स बैंक) द्वारा ऋण प्राप्त करने सम्बन्धी प्रकरण में, विधायकों की समिति बनाकर जांच की मांग की गई। शासन के उत्तर से असंतुष्ट होकर, कांग्रेस पक्ष के सदस्यगण गर्भगृह में आये एवं नारेबाजी की तथा चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी, उप नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में सदन से बहिर्गमन किया गया।

## 2. नियम 267-क के अधीन विषय

(1) श्री पारस सकलेचा, सदस्य ने रतलाम जिले में पेट्रोल में मिलावट की जाने,
(2) श्री रामकिशोर कांवरे, सदस्य ने परसवाड़ा क्षेत्र में फसलों की हानि का मुआवजा न दिए जाने,
(3) श्री सुदर्शन गुप्ता, सदस्य ने प्रदेश में चल रहे हुक्काघरों को बंद किए जाने,
(4) श्रीमती उमादेवी खटीक, सदस्य ने हटा क्षेत्र के पटेरा में कृषि उपज मण्डी खोले जाने तथा
(5) श्री विश्वास सारंग, सदस्य ने रीवा जिले की पंचायत गुढ़वा के वार्ड नं. 11 में हैण्डपम्प लगाए जाने
संबंधी शून्यकाल की सूचनाएं प्रस्तुत कीं।

## 3. पत्रों का पटल पर रखा जाना

(1) श्री कैलाश विजयवर्गीय, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री ने दि मध्यप्रदेश स्टेट एग्रो इन्डस्ट्रीज डेव्हलपमेन्ट कार्पोरेशन लिमिटेड का 39वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे, वर्ष 2007-08 पटल पर रखे।

(2) डॉ. नरोत्तम मिश्रा, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ने मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल का लेखा परीक्षा प्रतिवेदन, वर्ष 2004-05 पटल पर रखा।

(3) श्री उमाशंकर गुप्ता, गृह मंत्री ने मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल का 28वां वार्षिक प्रतिवेदन एवं लेखे, वर्ष 2008-09 पटल पर रखे।

(4) श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, उच्च शिक्षा मंत्री ने
(क) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल का 38 वां वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2009-10
(ख) महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2009-10 तथा
(ग) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर का वार्षिक प्रतिवेदन, वर्ष 2008-09
पटल पर रखे।

(5) श्री पारस जैन, राज्य मंत्री, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण ने मध्यप्रदेश वेअर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन का सप्तम् वार्षिक प्रतिवेदन एवं हिसाब-पत्रक, वर्ष 2009-10 पटल पर रखा।

## 4. ध्यानाकर्षण

(1) सर्वश्री पारस सकलेचा एवं महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा, सदस्यगण ने रतलाम जिले के जावरा में पेयजल संकट से उत्पन्न स्थिति की ओर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री बाबूलाल गौर, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री ने वक्तव्य दिया।

(2) श्री के.पी.सिंह, सदस्य ने शिवपुरी जिले के बिलरई ढिनार पोषक नहर के निर्माण में कृषकों की भूमि अधिग्रहण से उत्पन्न स्थिति की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री जयंत मलैया, जल संसाधन मंत्री ने वक्तव्य दिया।

## 5. याचिकाओं की प्रस्तुति

अध्यक्ष महोदय द्वारा की गई घोषणानुसार -

(1) श्री मोतीलाल तिवारी, सदस्य की सतना जिले के -

(क) ग्राम धतूरा में विद्युत सब स्टेशन स्थापित किये जाने,
(ख) ग्राम अजवाइन में विद्युत सब स्टेशन स्थापित किये जाने,
(ग) ग्राम सभागंज में विद्युत सब स्टेशन स्थापित किये जाने,
(घ) ग्राम उदयपुर में विद्युत सब स्टेशन स्थापित किये जाने,
(ङ) ग्राम बराखुर्द में विद्युत सब स्टेशन स्थापित किये जाने,
(च) ग्राम जरियारी में विद्युत सब स्टेशन स्थापित किये जाने, तथा
(छ) ग्राम जीतनगर में विद्युत सब स्टेशन स्थापित किये जाने,

(2) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य की भिण्ड जिले के -

(क) ग्राम अजनार एवं रहावली में आयुर्वेदिक औषधालय का भवन निर्माण किये जाने,
(ख) ग्राम मुरावली में आयुर्वेदिक औषधालय का भवन निर्माण किये जाने,
(ग) दबोह नगर में पशु चिकित्सालय का भवन निर्माण किये जाने,
(घ) ग्राम बरौआ में पशु चिकित्सालय का भवन निर्माण किये जाने,
(ङ) आलमपुर में होम्योपैथिक औषधालय का भवन निर्माण किये जाने,
(च) ग्राम पचोखरा में हौम्योपेथिक औषधालय का भवन निर्माण किये जाने, तथा
(छ) लहार में हौम्योपैथिक औषधालय का भवन निर्माण किये जाने,

(3) श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सदस्य की ग्वालियर जिले के -

(क) ग्वालियर के गेंडेवाली सड़क पर स्थित शास.मा.कन्या विद्यालय का उन्नयन किये जाने,
(ख) पं. दीनदयाल हॉस्पिटल लधेड़ी में बाल चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराये जाने,
(ग) आनंद नगर से रेल्वे स्टेशन तक सिटी बस सुविधा शुरू किये जाने,
(घ) रेशम मिल के शा.मा.विद्यालय का उन्नयन किये जाने,
(ङ) किला गेट स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्र.1 का उन्नयन किये जाने, तथा
(च) पं. दीनदयाल हॉस्पिटल लधेड़ी में प्रसूति सुविधा शुरू किये जाने,

(4) श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य की धार जिले के -

(क) ग्राम बरमण्डल में पेयजल व्यवस्था किये जाने,
(ख) गुमानपुरा से पिपरनी मार्ग का डामरीकरण किये जाने,
(ग) बिमरोड से पिपरनी मार्ग का डामरीकरण किये जाने, तथा
(घ) दौलतपुरा से बोला तक नहर निर्माण किये जाने,

(5) श्री पारस सकलेचा, सदस्य की रतलाम जिले के -

(क) ग्राम कन्सेर में नल जल योजना प्रारम्भ किये जाने,
(ख) ग्राम माऊखेड़ी से जावरा रोड तक मार्ग का डामरीकरण किये जाने तथा

(6) श्री विश्वास सारंग, सदस्य की भोपाल शहर के रेल्वे कोच फैक्ट्री से सिटी स्टार बस सुविधा उपलब्ध कराये जाने संबंधी याचिकाएं प्रस्तुत हुई मानी गईं।

**उपाध्यक्ष महोदय (श्री हरवंश सिंह) पीठासीन हुए.**

## 6. महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव (चर्चा का पुनर्ग्रहण)

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर दिनांक 21 फरवरी, 2011 को प्रस्तुत निम्नलिखित कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर, दिनांक 25 फरवरी, 2011 को प्रारम्भ हुई चर्चा के क्रम में श्रीमती नीता पटैरिया, सदस्य ने अपना भाषण पूर्ण किया :-

"राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया उसके लिए मध्यप्रदेश की विधान सभा के इस सत्र में समवेत सदस्यगण अत्यंत कृतज्ञ हैं"

उपाध्यक्ष महोदय द्वारा सदन को सूचित किया गया कि महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव पर उनके पास 38 माननीय सदस्यों के संशोधनों की सूचना प्राप्त हुई हैं। उनमें से जो संशोधन नियमानुसार नहीं थे, उन्हें अग्राह्य किया गया है। तद्नुसार, सदन में उपस्थित निम्नलिखित माननीय सदस्यों के संशोधन प्रस्तुत हुए माने गए :-

| क्र. | प्रस्तावक सदस्य | संशोधन क्रमांक |
|---|---|---|
| (1) | श्री हुकुम सिंह कराड़ा | 4 |
| (2) | श्री बिसाहूलाल सिंह | 9 |
| (3) | श्री यादवेन्द्र सिंह | 10 |
| (4) | श्री के.पी. सिंह | 17 |
| (5) | श्री श्रीकांत दुबे | 18 |
| (6) | श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा | 19 |
| (7) | श्री विजेन्द्र सिंह मालाहेड़ा | 21 |
| (8) | श्रीमती मीरा दीपक यादव | 22 |
| (9) | चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी | 26 |
| (10) | श्री जेबियर मेड़ा | 27 |
| (11) | श्री प्रताप ग्रेवाल | 32 |
| (12) | श्री बृजेन्द्र सिंह | 33 |
| (13) | श्री रामनिवास रावत | 34 |
| (14) | श्री पारस सकलेचा | 35 |
| (15) | डॉ. निशिथ पटेल | 36 |
| (16) | श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर | 37 |
| (17) | श्री रामलखन सिंह | 38 |

तत्पश्चात्, कृतज्ञता ज्ञापन प्रस्ताव एवं संशोधनों पर एक साथ प्रारम्भ हुई चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भी भाग लिया :-

(2) श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा (भाषण अपूर्ण)

**(अपराह्न 1.00 से 2.37 बजे तक अन्तराल)**

**उपाध्यक्ष महोदय (श्री हरवंश सिंह) पीठासीन हुए.**

श्री महेन्द्र सिंह कालूखेड़ा, सदस्य ने अपना भाषण पूर्ण किया।

(3) श्री यशपाल सिंह सिसोदिया

(4) श्री रामलखन सिंह

(5) श्रीमती मीरा दीपक यादव

(6) श्री रामनिवास रावत

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

(7) श्री ताराचंद बावरिया
(8) श्री परसराम मुदगल
(9) श्री के.पी. सिंह
(10) श्री मनीराम धाकड़
(11) श्री दीपक कैलाश जोशी
(12) श्री यादवेन्द्र सिंह
(13) श्री बाबूलाल वर्मा
(14) श्री पारस सकलेचा
(15) श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़

(भाषण एवं चर्चा अपूर्ण)

अपराह्न 5.02 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 1 मार्च, 2011 (फाल्गुन 10, 1932) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिये स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**

**भोपाल :**
**दिनांक : 28 फरवरी, 2011**